# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name -** Amar Ujala

**Date-** 06 Aug 2024 **Page No.** 5

6/08/2024 AU 05

# कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की विजय गाथा ने किया रोमांचित

## सुभारती विवि में हुआ कारगिल विजय रजत जयंती समारोह, बलिदानियों के परिजनों और युद्ध में हिस्सा लेने वालों को किया सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में कारगिल विजय रजत जयंती समारोह का भव्य आयोजन हुआ। इसमें बलिदानियों के परिजनों एवं कारगिल युद्ध के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। सुभारती फाइन आर्ट कॉलेज के सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में हुए कार्यक्रम में भारतीय सेना की विजय गाथा सुनकर युवाओं सहित सभागार में मौजूद अन्य लोग रोमांचित हो उठे। परफार्मिंग आर्ट विभाग के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

विवि कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल ने कहा कि युद्ध के प्रतिभागियों से विजय गाथा सुनने के लिए यह कार्यक्रम किया गया। उन्होंने बताया कि कारगिल में बलिदान हुए वीर जवानों की स्मृति में सुभारती विश्वविद्यालय में कारगिल शहीद स्मृति उपवन स्थापित है। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय रजत जयंती दिवस देश की एकता, सेना के साहस और शौर्य की याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि शहीदों के बच्चों की शिक्षा व अन्य सहायता के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं।







सुभारती विवि में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते मेजर जनरल रविंद्र सिंह, मौजूद अतिथि और प्रस्तुति देतीं छात्राएं। अमर उजाला

कर्नल राजीव घोष सेना मेडल, ब्रिगेडियर विक्रम शेखावत सेना मेडल, कर्नल दीपक रामपाल, ग्रुप कैप्टन एम याकूब, विंग कमांडर प्रफुल्ल बख्शी, कर्नल सतीश त्यागी, ले. कर्नल डॉ. एनके आहूजा ने बताया कि किन हालात से जूझते हुए भारतीय सेना ने इस युद्ध में विजय प्राप्त की। उन्होंने स्क्रीन पर कारगिल क्षेत्र का नक्शा, फोटो एवं युद्ध के दौरान की कुछ वीडियो प्रदर्शित कर विस्तार से जानकारी दी।

समारोह में सीईओ डॉ. शल्या राज, लोकप्रिय अस्पताल के निदेशक डॉ. रोहित रविंद्र, कार्यकारी अधिकारी डॉ. कृष्णामूर्ति, प्रतिकुलपति डॉ. हिमांशु ऐरन, डॉ. एचएस मिन्हास, डॉ. निखिल श्रीवास्तव, डॉ. पिंटू मिश्रा, डॉ. वैभव गोयल भारतीय, डॉ. भावना ग्रोवर, डॉ. जासमीन आनंदाबाई, डॉ. अभय शंकरगौड़ा, डॉ. मनोज कपिल, डॉ. शिव मोहन, डॉ. एससी थलेड़ी मौजूद रहे।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

## *News Paper Clipping Service*


**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 06 Aug 2024 Page No. 6**


6/08/24 06 H

## कारगिल विजय रजत जयंती समारोह का आगाज, जांबाजों ने कहा- भारतीय सेना दुश्मनों से रक्षा के लिए तत्पर

# जवानों की वीरता के किस्से सुनकर भावुक हो गए लोग



सोमवार को सुभारती विवि में कारगिल विजय रजत जयंती समारोह में मौजूद प्रोफेसर और छात्र-छात्राएं।

**सुभारती विवि**

मेरठ, प्रमुख संवाददाता। कारगिल युद्ध में सीमा पर अपने प्राणों की आहूति देने वाले जाबांज जवानों की शौर्य गाथा सुनकर श्रोता भावुक हो उठे। सैनिकों ने कहा कि भारतीय सेना दुश्मनों से रक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। पराक्रम गाथा सुनने के बाद श्रोताओं ने तालियां बजाते हुए सैनिकों को सेल्यूट किया।

मौका था सुभारती विवि में सोमवार को हुए कारगिल विजय रजत जयंती समारोह का। सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में परफार्मिंग आर्ट विभाग के विद्यार्थियों ने देशभक्ति की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने कहा कि कारगिल विजय पाने में शहीद वीर जवानों की याद अमिट बनाने के साथ कारगिल युद्ध की गाथा सुनने को यह समारोह हो रहा है। कुलपति ने कहा कि कैंपस में कारगिल शहीदों की स्मृति में 'कारगिल शहीद स्मृति उपवन' है। देशवासियों का कर्तव्य है कि वे शहीद सैनिक के परिजनों को सम्मान दें और उनकी सहायता करें। कारगिल विजय देश की एकता, सेना के साहस और शौर्य की याद दिलाता है।

समारोह में ले. कर्नल राजीव घोष, ब्रिगेडियर विक्रम शेखावत, कर्नल दीपक रामपाल, ग्रुप कैप्टन एम.याकूब, विंग कमांडर प्रफुल्ल बख्शी, कर्नल सतीश त्यागी और ले.कर्नल डॉ. एनके आहूजा ने कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के पराक्रम की गाथा सुनाई। सैन्य अधिकारियों ने कारगिल क्षेत्र का नक्शा, फोटो एवं युद्ध के दौरान की कुछ वीडियो प्रदर्शित करके भारतीय सेना की गौरवशाली विजय गाथा को सामने रखा।





सोमवार को सुभारती विवि में कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

# सेना का हौसला आसमान से भी ऊंचा

- देश की आन-बान-शान है सेना : डॉ अतुल कृष्ण
- शहीदों के परिजनों का जताया आभार

मेरठ, प्रमुख संवाददाता। मेजर जनरल रवीन्द्र सिंह ने कहा कि भारतीय सेना के हौंसले आसमान की बुलंदियों से ऊंचे हैं और हर सैनिक भारत माता की दुश्मनों से रक्षा करने हेतु तत्पर है।

उन्होंने सुभारती विवि में कार्यरत सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी, शहीदों के परिजनों एवं उनके बच्चों के लिए दी जा रही चिकित्सा एवं शिक्षा योजनाओं की प्रशंसा की। सुभारती समूह संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा कि भारतीय सेना देश की आन-बान-शान है। सुभारती हमेशा भारतीय सेना के सम्मान हेतु तत्पर है। डॉ. अतुल कृष्ण ने कारगिल युद्ध में शामिल रहे जवानों एवं शहीदों के परिजनों का विवि पहुंचने पर आभार जताया। सुभारती डिफेन्स एकेडमी के निदेशक कर्नल राजेश त्यागी ने कहा कि समारोह में अमर शहीदों के परिजनों एवं कारगिल युद्ध के प्रतिभागियों को सम्मानित किया है। सीईओ डॉ. शल्या राज, लोकप्रिय अस्पताल के निदेशक डॉ. रोहित रविंद्र, कार्यकारी अधिकारी डॉ. कृष्णा मूर्ति, प्रति-कुलपति डॉ. हिमांशु ऐरन, डॉ. एचएस मिन्हास, डॉ. निखिल श्रीवास्तव, डॉ. पिन्टू मिश्रा, डॉ. वैभव गोयल भारतीय, डॉ. भावना ग्रोवर, डॉ. जासमीन आनंदाबाई, डॉ. अभय शंकरगौड़ा, डॉ. मनोज कपिल, डॉ शिव मोहन, डॉ. एससी थलेड़ी निदेशक पीपीडीई. आकाश भटनागर समीर सिंह, राज कुमार सागर, डॉ सीमा शर्मा, डॉ. निशा सिंह आदि रहीं

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

*News Paper Clipping Service*

**News Paper Name -** Hindustan

**Date-** 07 Aug 2024 **Page No.** 7


07/08/24 H 07

सुभारती विवि में कारगिल रजत जयंती समारोह में योद्धाओं ने सुनाई साहस की गाथाएं, शहीद परिवारों को सुभारती ने अपनाया

# शहीदों का सम्मान, शौर्य गाथाओं ने भरा जोश

**आयोजन**

मेरठ, प्रमुख संवाददाता। सुभारती विवि के मांगल्य प्रेक्षागृह में सीटों पर बैठे श्रोता मौन थे। कारगिल की पहाड़ियों पर पाकिस्तानी सेना के हमले और उनका मुंहतोड़ जवाब देते भारतीय सैनिकों की शौर्य गाथा किसी फिल्म की तरह आगे बढ़ रही थी। बंकर पर ग्रेनेड हमले और गोलियों की बौछारों में अपने अंग और जान गंवाते सैनिकों का दर्द और देश की खातिर इस दर्द को भूलने के अदम्य साहस को जांबाज सैनिकों ने जैसे-जैसे बताया, दर्शकों की तालियां गूंजती गईं।

मौका था सुभारती विवि में आयोजित कारगिल विजय दिवस के रजत जयंती समारोह के आखिरी दिन का। शुभारंभ मुख्य अतिथि मेजर जनरल आलोक बेरी, परमवीर चक्र विजेता सूबेदार मेजर संजय कुमार, जीओसी 22 डिव मेजर जनरल अनुपम अग्रवाल, डिप्टी जीओसी मेरठ सब एरिया ब्रिगेडियर निखिल देशपांडे, विवि कुलाधिपति डॉ.स्तुति नारायण कक्कड़, कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल, प्रतिकुलपति डॉ.हिमांशु ऐरन, विवि संस्थापक डॉ.अतुल कृष्ण, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज, निदेशक लोकप्रिय अस्पताल एवं मार्स रिसॉर्ट डॉ.रोहित रविंद्र, सुभारती डिफेन्स एकेडमी निदेशक कर्नल राजेश त्यागी, अमित जोशी एवं अवनी कमल ने दीप प्रज्वलित कर किया। सभी ने विवि में स्थापित कारगिल शहीद उपवन एवं आइएनए शहीद स्मारक में शहीदों को पुष्पांजलि भी अर्पित की। समारोह के अंत में डॉ.रोहित रविंद्र ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा हम सभी को अपने देश के लिए सैनिकों की तरह देशसेवा करनी चाहिए। डीएम दीपक मीणा भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।



सुभारती विवि में कारगिल विजय दिवस रजत जयंती समारोह के अंतिम दिन शहीदों के परिजन एवं सैनिकों को सम्मानित किया गया।

## ये रहे मौजूद

यशपाल सिंह, कुलसचिव ग्रुप कैप्टन (रिट.) एम याकूब, प्रतिकुलपति डॉ हिमांशु ऐरन, डॉ.निखिल श्रीवास्तव, डॉ.आरके घई, डॉ.वैभव गोयल भारतीय, डॉ.महावीर सिंह, डॉ.अभय शंकरगौड़ा, डॉ.पिन्टू मिश्रा, डॉ.भावना ग्रोवर, डॉ.मनोज कपिल, डॉ.एससी थलेड़ी, डॉ.रेणु मावी, डॉ.देशराज सिंह, डॉ.शिव मोहन, डॉ.मुकेश रुहेला, डॉ.शशिराज तेवतिया, डॉ.संदीप चौधरी, डॉ.मनोज त्रिपाठी, ई.आकाश भटनागर, विवेक तिवारी, समीर सिंह, राजकुमार आदि रहे।



सुभारती फाइन आर्ट के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर मन मोहा।

## जीवन तरंगिणी का लोकार्पण

समारोह में विवि संस्थापक डॉ.अतुल कृष्णा की आत्मकथा जीवन तरंगिणी के प्रथम भाग का लोकार्पण भी हुआ। डॉ.अतुल कृष्ण ने कहा कि यह पुस्तक पांच खंडों में प्रकाशित होगी। वर्तमान खंड मेरे जन्म से लेकर वर्ष 1980 तक का है। उन्होंने यह पुस्तक शहीदों को समर्पित करते हुए कहा कि इसकी बिक्री से प्राप्त समस्त धनराशि को शहीद उपवन क्लब में दी जाएगी।

## युद्ध से बचने को हमें भी शक्ति संपन्न होना होगा



शहीदों के परिवार सुभारती का परिवार हैं। युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है, लेकिन यदि युद्ध से बचना है तो हमें शक्तिशाली बनना होगा। यह सुभारती परिवार का सौभाग्य है कि हमें शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों को सम्मानित करने का गौरव मिल सका – **डॉ.अतुल कृष्ण**, संस्थापक, सुभारती समूह

## इन्होंने सुनाईं शौर्यगाथाएं



परमवीर चक्र विजेता सूबेदार मेजर संजय कुमार, सूबेदार मेजर एवं मानद कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव, ब्रिगेडियर उमेश बावा वीरता चक्र, ब्रिगेडियर ओपी यादव, सूबेदार मेजर शत्रुघन सिंह वीरता चक्र ने कारगिल की दुर्गम पहाड़ियों में लड़े गए युद्ध को विभिन्न पहलुओं को साझा किया। योगेंद्र सिंह यादव के अनुसार सैनिक अकेला युद्ध नहीं करता, उसके साथ परिवार और देश भी लड़ता है।

## यह कार्य सराहनीय



मैं देशभर में विभिन्न कॉलेज एवं विवि में गया हूं, लेकिन सुभारती कैंपस का जो वातावरण देशसेवा एवं राष्ट्रीयता को पोषित करता है वह अन्य कहीं नहीं मिला। सुभारती विवि की युवाओं में राष्ट्रीयता की भावना को बढ़ावा देने की विचारधारा, हम सैनिकों के मन को हौसला देती-मेजर जनरल आलोक बेरी

## शहीद सैनिकों के परिजनों को सम्मान दें



कारगिल युद्ध में शहीद वीर जवानों की याद अमिट बनाने को विवि में कारगिल शहीद स्मृति उपवन स्थापित किया गया है। देशवासियों का कर्तव्य है कि वह शहीद सैनिकों के परिजनों को सम्मान दें और उनकी सहायता करें।
– कर्नल राजेश त्यागी, निदेशक, सुभारती डिफेन्स एकेडमी

## इनको किया सम्मानित

शहीद यशवीर सिंह, शहीद जुबैर अहमद, शहीद सतपाल सिंह, शहीद योगेन्द्र सिंह, शहीद मनोज तलवार एवं शहीद सतीश कुमार के परिजनों को पगड़ी पहनाकर और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। सुभारती समूह ने प्रत्येक शहीद परिजन को एक-एक गोल्डन कार्ड दिया।

## डॉ.पंवार की कविता पर झूम उठे दिल....

ओज के चर्चित कवि और अपने शब्दों में कारगिल के शहीद और उनके परिजनों का दर्द पिरोने वाले डॉ.हरिओम पंवार ने अपनी कविता से दर्शकों को झकझोर दिया। कविता सुनकर दर्शकों की तालियां बटोरी।

## *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name -** Hindustan

**Date-** 08 Aug 2024 **Page No.** 2

8/08/24 2 H



## शालिनी प्रथम, सागर बने द्वितीय विजेता

मेरठ। सुभारती विवि के ललित कला संकाय के संगीत एवं नृत्य सांस्कृतिक गतिविधि क्लब और फाइन आर्ट्स क्लब द्वारा हुई मेहंदी प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। निणार्यक मंडल में डॉ.सारिका अभय एवं अर्चिता भटनागर रही। शालिनी शर्मा प्रथम, सागर द्वितीय एवं अर्जुन तृतीय रहे। प्राचार्य प्रो.पिन्टू मिश्रा, प्रो.भावना ग्रोवर, अनिशा आनंद, श्रद्धा यादव, दिवाकर बिष्ट, निशि चौहान, डॉ.आशीष मिश्रा, कृष्ण कुंडारा, लकी त्यागी, तमन्ना रहे।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 09 Aug 2024 Page No. 5**

9/08/2024 05 AU

# शेफाली वर्मा ने किया सुभारती विवि का दौरा

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। स्वामी विवेकानंद विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग में भारतीय अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम की युवा खिलाड़ी शेफाली वर्मा ने विश्वविद्यालय का दौरा किया।

शेफाली वर्मा विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग में चल रहे बीपीएस पाठ्यक्रम की छात्रा है। शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनोज राज ने शेफाली वर्मा एवं उनके सलाहकार पूनम भारद्वाज का स्वागत किया।

शेफाली वर्मा ने अपने क्रिकेट कॅरिअर और संघर्षों के बारे में बताया। विवि कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्याराज ने भी भारतीय महिला क्रिकेटर शेफाली वर्मा से मुलाकात की। इंजीनियरिंग कॉलेज से डॉ. मुकेश रोहिल्ला, शारीरिक शिक्षा विभाग से डॉ. मंजू अधिकारी, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. दीपक राघव, डॉ. अतुल, डॉ. सलीम जावेद, डॉ. अंकित सिंह जादौन एवं कपिल शाक्य, शिक्षा विभाग से डॉ. राहुल सिरोही, डॉ. संगीता, रिशु रानी आदि रही।




सुभारती में आयोजित कार्यक्रम में क्रिकेट खिलाड़ी शेफाली का स्वागत करते अतिथि। स्रोत : स्वयं

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

## SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name -** Hindustan

**Date- 09 Aug 2024** **Page No. 6**

9/08/24 06 H

## युवा खिलाड़ी शेफाली पहुंची सुभारती विवि

मेरठ। सुभारती विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग में गुरुवार को भारतीय अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम की युवा खिलाड़ी शैफाली वर्मा पहुंची। वे विवि में बीपीएस पाठ्यक्रम की छात्रा हैं। विभागाध्यक्ष डॉ.अनोज राज ने शैफाली एवं पूनम भारद्वाज का स्वागत किया। कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज मौजूद रहीं।

## *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name -** Hindustan

**Date-** **17 Aug 2024** **Page No.** **6**

Hindustan 17 Aug. 2024

## संकल्प दिवस के रूप में मना 15 अगस्त

### सुभारती

मेरठ। सुभारती विवि में 15 अगस्त को को प्रार्थना एवं संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। कैंपस स्थित सरदार पटेल पार्क में कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने ध्वजारोहण किया।

कुलपति डॉ. थपलियाल ने कहा कि 15 अंगस्त के दिन ध्वज फहराना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है, परन्तु इस दिन को हमें प्रार्थना एवं संकल्प दिवस के रूप में मनाना चाहिए। डॉ. शल्या के अनुसार युवा हमारे देश का उज्ज्वल भविष्य है और उन्हें चाहिए कि वे नवभारत निर्माण में अपनी रचनात्मक विचारधारा को साझा करें। प्रतिकुलपति डॉ. हिमांशु ऐरन, वर्षा राज, गरिमा पांडेय, कुलसचिव एम. याकूब, डॉ. एससी थलेडी आदि रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करतीं डॉ शल्या।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

## SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

## *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 21 Aug 2024 Page No. City Page 5**



भैसाली मैदान में लगा छड़ियों का मेला। संवाद

बेचैन व अध्यक्षता मोनिंदर
क ने किया। छावनी परिषद

सीईओ जाकिर हुसैन भी मौजूद रहे। यह
सुधांशु महाराज, प्रदीप आदि रहे।

न आशुतोष का गुणगान किया

my city
Amar Ujala - 21-8-24

## *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 21 Aug 2024** **Page No. 2**



### छात्रों ने जानी खेलकूद की महत्ता

मेरठ। सुभारती विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग में मंगलवार से सात दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। 27 अगस्त तक प्रस्तावित इस कार्यक्रम में नव प्रवेशित छात्रों को शारीरिक शिक्षा क्षेत्र में उनकी पाठ्यक्रम गतिविधि और विभागीय नियमों की जानकारी देना है। डॉ. अनोज राज ने कहा कि शारीरिक शिक्षा क्षेत्र में रोजगार की कमी नहीं है। डॉ. मंजू अधिकारी ने खेलकूद, फिटनेस एवं शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी दी। डॉ. सलीम जावेद ने अनुशासन समिति, डॉ. प्रवीण कुमार ने खेल सुविधा और कपिल शाक्य योग का महत्व बताया।

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

## *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 22 Aug 2024 Page No. City Page 7**

# उत्सुकता के साथ पढ़ें पुस्तकें : डॉ. वैभव

अमर उजाला पेज न० 7 22/8/24

## सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में हुआ सात दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम का शुभारंभ

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में बीए एलएलबी प्रथम वर्ष (बैच 2024-25) के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं लिए सात दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम (ओरिएंटेशन कार्यक्रम) आयोजित किया गया। शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

बीएएलएलबी पंचम वर्ष की छात्राओं ने संयुक्त रूप से नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया। विधि संस्थान के संकाय अध्यक्ष प्रो. डॉ. वैभव गोयल भारतीय ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि विधि का क्षेत्र अत्यधिक व्यापक है। पुस्तकों को उत्सुकता के साथ पढ़ना चाहिए। विवि के चीफ प्रॉक्टर डॉ. शशिराज तेवतिया ने विश्वविद्यालय की अनुशासन समिति के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में डॉ. सारिका त्यागी, डॉ. प्रेमचंद, डॉ. रफत खानम, डॉ, संजय, एना सिसोदिया, अजय राज, सोनल जैन, अरशद आलम, शालिनी गोयल, आशुतोष देशवाल एवं हर्षित आदि मौजूद रहे।



सुभारती में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि। स्रोत : संस्थान

22/8/24

# छात्र-छात्राओं को दी समितियों की जानकारी

मेरठ। सुभारती विधि संस्थान में जारी ओरिएंटेशन प्रोग्राम में बुधवार को डॉ. प्रेमचंद्र, निदेशक राजेश चंद्र एवं डीन प्रो. वैभव गोयल ने छात्रों को विभिन्न समितियों की जानकारी दी गई। डॉ. रीना बिश्नोई, डॉ. सारिका त्यागी, आफरीन अल्मास ने समितियों की कार्यविधि समझाई। अजय राज सिंह ने छात्रों को जस्टिस हंस राज खन्ना और उनके चर्चित मामले केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य की जानकारी दी। एना सिसोदिया, सोनल जैन, अरशद आलम, आशुतोष देशवाल एवं हर्षित मौजूद रहे। संवाद

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 23 Aug 2024** **Page No. City Page 5**

MyCity -23-8-24 P-05

# एक गंभीर अपराध है रैगिंग

**संवाद न्यूज एजेंसी**

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि रैगिंग हानिकारक परंपरा ही नहीं बल्कि एक गंभीर अपराध है, जो पीड़ितों को लंबे समय तक चलने वाला आघात पहुंचा सकता है।

सुभारती विवि में आयोजित व्याख्यान में उन्होंने रैगिंग के मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और कानूनी परिणामों पर प्रकाश डाला। डॉ. मोनिका मेहरोत्रा ने रैगिंग विरोधी शपथ दिलाई। संचालन डॉ. अमृता चौधरी ने किया।

छात्रों में लाइबा जफर, हुजैफा, अंकित, वंशिका चौधरी, संस्कृति, दिव्या, छवि, उज्जवल चौधरी, रीतिक, शहजाद, शोएब मौजूद रहे। इस दौरान डॉ. अमृता, डॉ. अमित कुमार आदि मौजूद रहे।



रैंगिंग नहीं करने की शपथ लेते विद्यार्थी। स्रोत : स्वयं

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

## SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 24 Aug 2024** **Page No. City Page 6**

MYCity P-06-24-8-24

# सुभारती विवि में अंतरिक्ष दिवस मनाया



सुभारती में अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम में विद्यार्थी एवं अतिथि। स्रोत : संस्था

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इस दौरान निबंध लेखन, भाषण सहित अन्य प्रतियोगिताएं कराई गईं। इस दौरान इसरो की लाइव स्ट्रीमिंग भी दिखाई गई। निर्णायक मंडल में डॉ. अर्चिता भटनागर, डॉ. सारिका अभय, स्वाति शर्मा शामिल रहीं। सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित कर पुरस्कृत किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने अंतरिक्ष की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अरुणा बंसल एवं शेखर जाखड़ ने गणमान्य अतिथियों एवं बच्चों का आभार जताया। संवाद

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

## SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 24 Aug 2024** **Page No. 5**

Hindustan-P-05-24-8-24

# राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर हुई निबंध लेखन प्रतियोगिता



**सुभारती**

**मेरठ, संवाददाता।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल एवं यूजीसी के मार्गदर्शन में अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय( यूजीसी ) द्वारा 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के डीन प्रो. (डॉ.) मनोज कपिल ने किया। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस चांद को छूना और जीवन को छूना, भारत की अंतरिक्ष कहानी पर आधारित रही। जिसमें निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिताएं आदि शामिल थीं, वहीं इसरो द्वारा लाइव स्ट्रीमिंग भी दिखाई गई। निर्णायक मंडल में डॉ. अर्चिता भटनागर, डॉ. सारिका अभय, स्वाति शर्मा उपस्थित रहीं। समन्वयक डॉ. अरुणा बंसल एवं शेखर जाखड़ ने सभी गणमान्य अतिथियों एवं बच्चों का आभार व्यक्त किया।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 25 Aug 2024** **Page No. City Page 5**

My City - 25-08-24 P-05

# सुभारती विवि में 4 सितंबर को होगा दीक्षांत, 3049 को मिलेंगी डिग्रियां

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में चार सितंबर को 10वां दीक्षांत समारोह होगा। शनिवार को कुलपति सभागार में विवि के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। कुलसचिव एम याकूब एवं मुख्य समन्वयक इंजीनियरिंग कॉलेज के डीन डॉ. मनोज कपिल ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। समन्वयक डॉ. मनोज कपिल ने बताया कि सत्र 2022-23 में 1745 एवं 2023-24 में 1304 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। कुल 3049 विद्यार्थियों को डिग्री मिलेगी।

कुलपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थी जीवन का स्वर्णिम पल होता है। उन्होंने बताया दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मुख्य अतिथि रहेंगी। विशिष्ट अतिथि पूर्व मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय केजी बालकृष्णन एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी शामिल होगे।

मुख्य समन्वयक डॉ. मनोज ने बताया कि सत्र 2022-23 और 2023-24 के विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह में स्नातक, परास्नातक, पीएचडी, एमफिल आदि पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक सहित उत्कृष्टता प्रमाण से सम्मानित किया जाएगा। विवि के सबसे उत्तम छात्र-छात्रा को बेस्ट गर्ल व बेस्ट बॉय के खिताब से सम्मानित किया जाएगा।

## *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 25 Aug 2024 Page No. 8**

Hindustan - 25-8-24 P-08

# सुभारती विवि में दीक्षांत चार को, 3049 को मिलेगी डिग्री



सुभारती विवि में दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर शनिवार को बैठक हुई।

मेरठ, प्रमुख संवाददाता। सुभारती विवि में दसवां दीक्षांत समारोह चार सितबर को होगा। मुख्य अतिथि कुलाधिपति एवं उप्र राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मेधावियों को समारोह में मेडल एवं उपाधियां प्रदान करेंगी। दीक्षांत में सत्र 2022-23 के 1745 और 2023-24 के 1304 विद्यार्थियों सहित कुल 3049 को उपाधियां दी जाएंगी। चार सितबर को ही कृषि विवि मोदीपुरम में भी दीक्षांत समारोह होगा। तीन सितंबर को कुलाधिपति चौ.चरण सिंह विवि और पांच सितंबर को मां शाकुम्भरी विवि सहारनपुर के दीक्षांत में भी मौजदू रहेंगी। सुभारती विवि में शनिवार को कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल की अध्यक्षता में हुई बैठक की गई। कुलसचिव एम.याकूब एवं मुख्य समन्वयक डॉ.मनोज कपिल ने रूपरेखा प्रस्तुत की।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

## SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 28 Aug 2024** **Page No. City page 2**

MYcityP-02-28-8-24

# छात्र-छात्राओं को दी मौलिक अधिकारों की जानकारी

मेरठ। सुभारती विवि के विधि महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम के समापन पर डॉ. सारिका त्यागी ने छात्र-छात्राओं को मौलिक अधिकारों और मूल कर्तव्यों की जानकारी दी। डॉ. प्रेम चंद्र विद्यार्थियों को शोध के लिए विभिन्न साधनों जैसे कि बार एंड बेंच, लाइव लॉ, नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी, सुप्रीम कोर्ट आब्जर्वर आदि के विषय में विस्तार से बताया। संकाय अध्यक्ष प्रो. डॉ. वैभव गोयल भारतीय ने विद्यार्थियों को विधि पाठ्यक्रम की आवश्यकता और महत्व बताया। उन्होंने कहा कि आपका सतत् प्रयास आपको अवश्य भावी सफलता प्रदान करेगा। शिक्षिका आफरीन अल्मास ने विश्वविद्यालय के प्रबंधन तंत्र, कुलपति, मुख्य कार्यकारी अधिकारी और महाविद्यालय के सभी प्राधिकारियों शिक्षकों तथा विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। इस दौरान डॉ. रीना बिश्नोई, डॉ. सारिका त्यागी, डॉ. प्रेमचंद, हिना सिसोदिया, अजय राज सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद



सुभारती विश्वविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 28 Aug 2024 Page No. 7**

Hindustan - P-07-28-8-24

# सफलता को निरंतर मेहनत करें छात्र

**सुभारती**

मेरठ, संवाददाता। सरदार पटेल सुभारती विधि कॉलेज में मंगलवार को निदेशक राजेश चन्द्रा, डीन प्रो.वैभव गोयल भारतीय के निर्देशन में ओरिएंटेशन प्रोग्राम संपन्न हुआ।

डॉ.सारिका त्यागी ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को कर्तव्य एवं अधिकारों की जानकारी दी। डॉ.प्रेम चन्द्र ने बार एंड बेंच, लाइव लॉ, एससीसी ऑनलाइन, नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी एवं सुप्रीम कोर्ट आब्जर्वर के बारे में बताते हुए कहा कि इनका प्रयोग कर केस कॉमेंट मेमोरियल, रिसर्च एवं आर्टिकल के लिए पाठ्य सामग्री प्राप्त कर सकते हैं।

डीन प्रो.वैभव गोयल भारतीय ने कहा कि सतत प्रयास आपको हर साल में सफलता देगा। जितना ज्यादा विषय समझकर पढ़ेंगे, भविष्य में परेशानी नहीं आने देंगे। कार्यक्रम में छात्रों को अनुशासन का महत्व समझाते हुए निरंतर मेहनत करने की अपील की।

डॉ.रीना बिश्नोई, डॉ.सारिका त्यागी, डॉ.प्रेमचंद, हिना सिसोदिया, अजय राज सिंह, सोनल जैन, अरशद आलम, आशुतोष देशवाल और हर्षित मौजूद रहे।



मंगलवार को सुभारती विवि में कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं। • हिन्दुस्तान



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

## SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 29 Aug 2024 Page No. City Page 6**

MY City-29-08-24 P-06

चयन

**कार्यकारिणी के गठन के लिए विधि विद्यार्थियों से आवेदन मांगे गए**

# लिटरेरी क्लब की कार्यकारिणी का गठन

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में लिटरेरी क्लब की कार्यकारिणी गठित की गई। इस दौरान विधि महाविद्यालय के निदेशक राजेश चंद्रा और संकाय अध्यक्ष प्रो. डॉ. वैभव गोयल मौजूद रहे। एना सिसोदिया ने बताया कि कार्यकारिणी गठन के लिए विधि विद्यार्थियों से आवेदन मांगे गए।

बीएएलएलबी पंचम वर्ष से परमजीत सिंह हुडा, द्वितीय वर्ष से पावनी अरोड़ा, प्रथम वर्ष से हर्ष वर्मा, नीलेश मिश्रा, दीया सिंह और स्मृति आनंद का चयन कार्यकारिणी में किया गया। लिटरेरी क्लब का उद्देश्य शिक्षा के प्रचार-प्रसार के साथ समसामयिक विषयों पर विद्या पाठ, संगोष्ठी, कविता-लेखन, निबंध-लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि विधाओं को विस्तार देना है। लॉ कॉलेज के निदेशक राजेश चन्द्रा ने चयनित सदस्यों को बधाई दी। संकाय अध्यक्ष प्रो डॉ. वैभव गोयल भारतीय ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि विद्यार्थियों के रचनात्मक कौशल को विकसित करने में वे काफी मदद कर सकेंगे। इस मौके पर डॉ. रीना बिश्नोई, डॉ. सारिका त्यागी, डॉ. प्रेमचंद्र, आफरीन अल्मास, अजय राज सिंह, सोनल जैन, अरशद आलम, आशुतोष देशवाल, हर्षित आदि उपस्थित रहे।



सुभारती में चयनित कार्यकारिणी में शामिल विद्यार्थी। स्रोत : संस्थान

## *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 29 Aug 2024 Page No. 3**

Hindustan 29-8-24 P-03

### सुभारती में साहित्यिक क्लब कार्यकारिणी गठित



मेरठ। सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में बुधवार को लिटरेरी क्लब की कार्यकारिणी गठित हुई। निदेशक राजेश चन्द्रा एवं डीन प्रो.वैभव गोयल भारतीय के निर्देशन में हुई। कन्वीनर एना सिसोदिया के अनुसार बीए-एलएलबी परमजीत सिंह हुडा, पावनी अरोड़ा, हर्ष वर्मा, नीलेश मिश्रा, दीया सिंह एवं स्मृति आनन्द चुनी गईं। प्रो.रीना बिश्नोई, डॉ.सारिका त्यागी, डॉ.प्रेमचन्द्र, आफरीन अल्मास, अजय राज सिंह, सोनल जैन, अरशद आलम, आशुतोष देशवाल एवं हर्षित मौजद रहे।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 30 Aug 2024 Page No. City Page 5**

MY City-30-8-24 P-05

# हॉकी में संकाय सदस्य की टीम विजयी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय खेल समिति के संयुक्त तत्वावधान में हॉकी मैच कराया गया। मैच का शुभारंभ मुख्य सीईओ डॉ. शल्या राज ने पेनाल्टी शूट से किया।

मैच में विजेता शारीरिक शिक्षा विभाग के संकाय सदस्यों की टीम रही। संकाय सदस्य डॉ. मोहम्मद सलीम जावेद ने दो गोल किए तथा छात्रों द्वारा भी दो गोल किए गए। जिसके कारण समय समाप्ति तक परिणाम 2-2 से बराबर रहा।

इसके बाद पेनाल्टी शूटआउट किया गया, जिसमें दोनों टीमों को 5 पेनाल्टी शूट करने का मौका मिला। जिसमें संकाय सदस्य की टीम की ओर से पेनाल्टी शूट लेते हुए कपिल शाक्य द्वारा गोल किया गया।

इस प्रकार पेनल्टी शूटआउट में संकाय सदस्यों की टीम ने छात्रों की टीम को 1-0 से पराजित कर दिया। मैच में डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. मंजू, डॉ. दीपक राघव, डॉ. अतुल तिवारी, डॉ. सलीम जावेद, डॉ. अंकित सिंह जादौन एवं कपिल शाक्या आदि मौजूद रहे।



सुभारती में आयोजित हॉकी मैच में मौजूद टीम के खिलाड़ी। स्रोत : संस्थान

## राष्ट्रीय खेल दिवस का महत्व बताया

मेरठ। ऋषभ एकेडमी में वॉलीबॉल मैच हुआ। इसके अतिरिक्त विद्यालय में कबड्डी व दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय खेल दिवस का महत्व बताया। उप प्रधानाचार्य पवन कपूर ने विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र व प्रशस्ति चिह्न देकर उनका उत्साहवर्धन किया। संवाद



ऋषभ एकेडमी में ट्रॉफी के साथ मौजूद विजेता टीम के खिलाड़ी। स्रोत: संस्थान

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name -** Hindustan

**Date-** 30 Aug 2024 **Page No.** 6

30-8-24 Hindustan P-06

# सुभारती में हॉकी मैच का शुभारंभ

मेरठ, संवाददाता। सुभारती विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग एवं विवि खेल समिति के संयुक्त तत्वावधान में हॉकी मैच हुआ। मेजर ध्यानचंद की स्मृति में हुए इस मैच का शुभारंभ सीईओ डॉ.शल्या राज ने पेनल्टी शूट से किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने को प्रेरित किया।

दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के डॉ.महावीर सिंह, कार्यवाहक डीन शिक्षा संकाय डॉ.अनोज राज ने खेल दिवस की शुभकामनाएं दी। शारीरिक शिक्षा विभाग के सदस्यों की टीम विजेता बनी। डॉ.मोहम्मद सलीम जावेद और छात्रों ने दो-दो गोल किए गए। दोनों टीमों को पांच पेनाल्टी शूट करने का मौका मिला। इसमें संकाय सदस्य की टीम से कपिल शाक्य ने गोल किया। कप्तान डॉ.प्रवीण कुमार, डॉ.मंजू अधिकारी, डॉ.दीपक राघव, डॉ.अतुल तिवारी, डॉ.सलीम जावेद, डॉ.अंकित सिंह जादौन एवं कपिल शाक्या ने टीम का विजेता बनाने में योगदान रहा। इं.मयंकेश्वर सिंह डॉ.प्रभात, डॉ.संगीता रानी, डॉ. नेहा सिंह एवं डॉ.मंजू अधिकारी मौजूद रहे।



सुभारती के शारीरिक शिक्षा विभाग एवं विवि खेल समिति की ओर से हॉकी मैच हुआ।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 31 Aug 2024** **Page No. 6**

Hindustan-31-8-24 P-06

शहर 30s



## सुभारती में मनाया स्क्रिबल दिवस

मेरठ। सुभारती विवि के डिपार्टमेंट ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज में शुक्रवार को स्क्रिबल दिवस मनाया। एचओडी डॉ. मनोज त्रिपाठी ने कहा कि सर्वांगीण व्यक्तियों को आकार देने में उदार कलाओं का महत्व है। डॉ. सुधीर त्यागी ने छात्रों से मूल्यों को आगे बढ़ाने की अपील की। डॉ. अमृता चौधरी ने कहा कि यह कार्यक्रम रचनात्मकता, पुरानी यादों और उत्सव का मिश्रण था। हुजैफा, शिवानी, वासु, उज्जवल, डॉ. अमित कुमार, डॉ. नेहा आदि मौजूद रहे।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date-** **31 Aug 2024** **Page No.** **City Page 7**

## रचनात्मक क्षमता विकसित करना जरूरी



सुभारती विवि में हुए कार्यक्रम में प्रतिभागी एवं अतिथि। स्रोत : संस्था

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज ने स्क्रिबल दिवस मनाया। इसमें विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों में रचनात्मक क्षमता विकसित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा दिन है, जब छात्र संदेशों और कलाकृति के माध्यम से अपने विचारों, यादों और भावनाओं को व्यक्त करते हैं। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि वैश्विक महामारी के साथ ही अन्य विषम परिस्थितियों में विद्यार्थियों ने अपनी क्षमताओं का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी हमें बेहतर रहने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने आयोजन की सफलता पर विद्यार्थियों के प्रयासों को सराहा। संवाद